# कार्यालय, प्रधानाचार्य, महर्षि देवराहा बाबा, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया, उत्तर प्रदेश

ई–मेल – brdmcgkp1969@gmail.com
वेवसाइट – http://brdmc.ac.in/

पत्रांक /कैम्प/देवरिया/2020 दिनांक 06 /03/2021

प्रधानाचार्य कार्यालय, महर्षि देवराहा बाबा, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया, उत्तर प्रदेश विज्ञप्ति संख्या 01/कैम्प/देवरिया/2020 दिनांक 22/12/20220 द्वारा महर्षि देवराहा बाबा, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया के आचार्य, सह आचार्य एवं सहायक आचार्य के रिक्त पदों हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। उक्त के सम्बन्ध में दिनांक 25, फरवरी, 2021 से दिनांक 27, फरवरी, 2021 तक के0जी0एम0यू0 कलाम सेन्टर, लखनऊ में साक्षात्कार आयोजित किया गया था, जिसमें एन0एम0सी0 के मानकानुसार चयन की कार्यवाही के उपरान्त जिन विशिष्टताओं में पदवार अर्ह अभ्यार्थी नहीं पाये गये, उन पदों हेतु पुनः संविदा के आधार पर विज्ञप्ति जारी की जा रही है। इन पदो पर वाक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in -Interview) के माध्यम से कालेज की संस्तुति के आधार पर शासन/महानिदेशालय, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ के स्तर से चयन किया जाना है। संविदा पदों पर अन्तिम चयन की प्रक्रिया शासन/महानिदेशालय से की जानी है। इच्छुक अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपने अवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर भर कर दिनांक 20, मार्च, 2021 को सांय 05:00 बजे तक कार्यालय, अधिष्ठान में डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से जमा कराना सुनिश्चित करें। उक्त पदो हेतु साक्षात्कार वाक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in -Interview) के माध्यम दिनांक 25, मार्च, 2021 को लिया जायेगा, इच्छुक अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ **दिनांक 25, मार्च, 2021 को प्रधानाचार्य कार्यालय, बाबा राघव दास मेडिकल कालेज, गोरखपुर में समय प्रातः 10:00 बजे उपस्थित होना होगा।** रिक्त पदों की संख्या नीचे तालिका में दर्शायी जा रही है। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि वह साक्षात्कार दिवस को अपने समस्त शैक्षिक/जाति/अनुभव प्रमाण पत्रों/शोध पत्रों की (स्वप्रमाणित) छायाप्रतियों के दो सेट बायोडाटा सहित उपस्थित होंगें। शासन द्वारा आरक्षण के सम्बन्ध में 100 बिन्दु रोस्टर एवं शासनादेश संख्या–5/2019/4/11/2002/क–2/2019/टी0सी0–1 दिनांक 13, अगस्त, 2019 के आधार पर ही चयन की प्रक्रिया की जायेगी।

| कमांक | विशिष्टता का नाम | आचार्य/ पदनामित आचार्य | सह आचार्य/पदनामित के रूप में सह आचार्य | सहायक आचार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आर्थोपैडिक्स | – | 01 एस0सी0 | – |
| 2 | आफथलमोलोजी | – | – | 01 एस0सी0 |
| 3 | आब्स एण्ड गायनी | 01 एस0सी0 | – | – |
| 4 | इमरजेंसी मेडिसिन | – | 01 ओ0बी0सी0 | 01 अनारक्षित |
| 5 | एनेस्थीसिया | – | 01 एस0सी0<br>01 अनारक्षित | 01 ओ0बी0सी0 |
| 6 | ई0एन0टी0 | – | – | 01 ओ0बी0सी0 |
| 7 | कम्युनिटी मेडिसिन | – | – | 01 ई0डब्लू0एस0 |
| 8 | जनरल मेडिसिन | 01 ओ0बी0सी0 | 01 ओ0बी0सी0<br>01 अनारक्षित | 01 एस0सी0<br>01 अनारक्षित |
| 9 | जनरल सर्जरी | 01 अनारक्षित | 01 ओ0बी0सी0<br>01 ई0डब्लू0एस0 | – |
| 10 | टी0बी0 एण्ड चेस्ट | – | 01 एस0सी0 | – |
| 11 | डर्मेटोलोजी | – | 01 अनारक्षित | – |
| 12 | पीडियाटिक्स | – | 01 ओ0बी0सी0 | – |
| 13 | पैथालोजी | – | 01 अनारक्षित | – |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 14 | फार्माकोलोजी | — | 01 एस0सी0 | — |
| 15 | फिजियोलोजी | 01 एस0सी0 | — | 01 ई0डब्लू0एस0 |
| 16 | फोरेन्सिक मेडिसिन | — | — | 01 एस0सी0 |
| 17 | बायोकेमेस्टी | 01 अनारक्षित | 01 ओ0बी0सी0 | 01 ओ0बी0सी0 |
| 18 | माइक्रोबायोलोजी | — | 01 अनारक्षित | 01 अनारक्षित |
| 19 | रेडियोडायग्नोसिस | — | 01 ओ0बी0सी0 | 01 एस0सी0 |
| 20 | साइकियाटी | — | 01 ई0डब्लू0एस0 | |
| | **योग** | **05** | **17** | **12** |

**नोटः— एन0एम0सी0 मानक एवं एल0ओ0पी0 को दृष्टिगत रखते हुये यदि आरक्षित श्रेणी का अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की दशा में अन्य श्रेणी के अभ्यर्थी से रिक्त पद को भरने पर विचार किया जायेगा।**

**संविदा पर नियुक्ति की शर्ते निम्नवत हैः—**

1. संविदा पर नियुक्ति किये जाने वाले चिकित्सा शिक्षको को उ0प्र0 राज्य सरकार द्वारा अनुमन्य नियमानुसार मानदेय देय होगा। इस हेतु आवेदक को Medical Council of India or National Medical Commission, Minimum Qualification for teachers in Medical Institutions Regulations, 1998 द्वारा निर्धारित एव समय—समय पर जारी संशोधन/नोटिफिकेशन के अनुसार अर्हतायें एवं अनुभव पूर्ण करना आवश्यक है।
2. उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग—1, लखनऊ के पत्र संख्या 562/71—1—2020—जी—63/2008 दिनांक 10, जून, 2020 द्वारा संविदा पर नियुक्त चिकित्सा शिक्षकों की अधिकतम आयु नियुक्ति वर्ष के जुलाई माह के प्रथम दिवस को सहायक आचार्य हेतु 60 वर्ष, सह आचार्य हेतु 64 वर्ष एवं आचार्य हेतु 68 वर्ष होगी।
3. नियत वेतन के अतिरिक्त संविदा पर कार्यरत चिकित्सा शिक्षकों को अन्य किसी प्रकार के वेतन /भत्ते एवं सेवागत लाभ अनुमन्य नही होगें।
4. संविदा चिकित्सा शिक्षक शासकीय सेवा में विनियमितीकरण के लिए हकदार नहीं होगा।
5. साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा

**प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारी**
**महर्षि देवराहा बाबा,**
**स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय,**
**देवरिया।**

संख्या 185 /तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग—1, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 जवाहर भवन, छठा तल, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त पदों की विज्ञप्ति को महानिदेशालय की बेवसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करे।
3. सम्बन्धित विभागाध्यक्ष मेडिकल कालेज, गोरखपुर।
4. प्रभारी अधिकारी वेबसाइट मेडिकल कालेज, गोरखपुर को इस आशय से प्रेषित कि इस विज्ञप्ति को कालेज की बेवसाइट www.brdmc.ac.in पर अपलोड/प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करे।
5. प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज कानपुर, मेरठ, झॉसी, आगरा, आजमगढ, अम्बेडकर नगर, कन्नौज, इलाहाबाद, बान्दा।
6. सूचना पट्ट कालेज एवं केन्द्रीय पुस्तकालय तथा नेहरू चिकित्सालय, मेडिकल कालेज, गोरखपुर।

**प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारी**
**महर्षि देवराहा बाबा,**
**स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय,**
**देवरिया।**